## प्रारुप–11

**परियोजना विवरण :–** **जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के अन्तर्गत हिण्डोलाखाल–घण्ड़ियालधार (मयाली) जू0हा0 स्कूल ड़ाण्ड़ा मोटर मार्ग का निर्माण कार्य (लम्बाई 2.000 कि0मी0)।**

जनपद जनपद टिहरी गढ़वाल में राज्य योजना के अन्तर्गत **हिण्ड़ोलाखाल–घण्ड़ियालधार (मयाली) जू0हा0 स्कूल ड़ाण्ड़ा मोटर मार्ग** निर्माण हेतु **2.00** कि0मी0 लम्बाई हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति संयुक्त सचिव उत्तराखण्ड़ शासन के पत्र सं0 1144 / ।।।(2) / 14–72 (प्रा0आ0) / 2013 दिनांक 04.03.2014 द्वारा रू0 25.13 लाख की प्राप्त हुई है।

उक्त मार्ग के नव निर्माण हेतु समरेखण अधीक्षण अभियन्ता 8वां वृत्त लो0नि0वि0 नई टिहरी द्वारा उनके पत्रांक 2697 / 846याता0–8 / 2018 दिनांक 09.05.2018 से स्वीकृत है तथा संरेखण की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या वरिष्ठ भू–वैज्ञानिक श्री तुषार शर्मा प्रमुख अभियन्ता कार्यालय लो0नि0वि0 देहरादून दिनांक 02.04.2018 से प्राप्त है। उपरोक्त मार्ग के स्थल का संयुक्त निरीक्षण लो0नि0वि0 एवं वन विभाग मणिकनाथ रेंज ड़ांगचौरा एवं सम्बन्धित राजस्व उपनिरीक्षक व अन्य दावेदारों की ओर से प्रधान के साथ दिनांक 20.03.2018 में किये जाने के उपरान्त ही वन भूमि प्रस्ताव गठित किया गया है। वर्तमान में ग्राम मयाली घण्ड़ियालधार हेतु कोई अन्य वैकल्पिक मोटर मार्ग नहीं है एवं लोगों को पैदल ही आवाजाही करनी पड़ती है। जिस वजह से लोगों की आवाजाही में समय अधिक लगता है, एवं अतिआवश्यक सेवाओं का लाभ उठाने में ग्राम वासियों को समय के साथ आर्थिक हानि भी होती है। साथ ही ग्रामवासियों के लोकल प्रोड़क्ट मार्केट में नहीं आ पाते है, और काश्तकारों को उनकी फसल का मोटर मार्ग उपलब्ध न होने के कारण लाभ नहीं मिल पाता है। इस मोटर रमार्ग के बनने से जहां लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा वहीं राष्ट्र की सम्पन्नता में भी वृद्धि होगी। इसलिये उक्त मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है।

अतः उक्त मोटर मार्ग निर्माण हेतु प्रभावित होने वाली भूमि 0.1290 हे0 नाप भूमि (मक ड़म्पिंग सहित), 0.875 है0 में सिविल वन भूमि, शून्य हे0 वन पंचायत भूमि, 1.3125 है0 आरक्षित वन भूमि, अर्थात 1.400 है0 वन भूमि हेतु हस्तान्तरण प्रस्ताव स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

वन क्षेत्राधिकारी
मणिकनाथ रेंज
डांगचौरा
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग

सहायक अभियन्ता
अ0खं0 लो0नि0वि0 श्रीनगर
मु0 कीर्तिनगर।

अधिशासी अभियन्ता
अ0खं0 लो0नि0वि0 श्रीनगर
मु0 कीर्तिनगर।

प्रभागीय वनाधिकारी
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग
मुनि–की–रेती

उप प्रभागीय वनाधिकारी
(देवप्रयाग)
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग